रजिस्ट्री सं० डी-(डी)-72 REGISTERED No. D-(D)-72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 111] नई दिल्ली, शुक्रवार, जून 13, 1975/ज्येष्ठ 23, 1897
No. 111] NEW DELHI, FRIDAY, JUNE 13, 1975/JYAISTHA 23, 1897

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

MINISTRY OF COMMERCE

PUBLIC NOTICE

IMPORT TRADE CONTROL

New Delhi, the 13th June 1975

SUBJECT.—*Import Policy for the year April, 1975—March, 1976.*

No. 48-ITC(PN)/75.—Attention is invited to Section III of the Import Trade Control Policy (Red Book—Vol. I) for the period April, 1975—March, 1976 which *inter-alia* indicates that the import and cold rolled grain oriented electrical steel sheets and steel semis is canalised through the M.M.T.C.

2. On a review of the position, it has been decided that the import of the under-mentioned items will be canalised through the SAIL International Ltd. instead of 'MMTC':—

(1) All mild steel, medium high carbon steel semis, including ingots, blooms, slabs, billets, and heavy rounds above 160 mm.

(2) Cold rolled grain oriented electrical steel sheets, strips either in cut lengths or in coils.

The licensing authorities will, therefore, hereafter issue release orders in respect of the aforesaid items in the name of SAIL International Limited, Steel Imports Division, 13th Floor, Hindustan Times Building, 18/20, Kasturba Gandhi Marg, New Delhi.

3. All release orders issued in respect of above items in the name of MMTC which have not been registered with them before the date of this Public Notice shall be deemed to have been transferred to SAIL International I servicing.

4. The existing entry 'MMTC' appearing against the above items at page 87 in Section III of the Import Trade Control Policy (Red-Book—Vol. I) for the period April, 1975—March, 1976 may be amended to read 'SAIL International Ltd.' accordingly.

B. D. KUMAR,
Chief Controller of Imports and Exports.

वाणिज्य मंत्रालय

सार्वजनिक सूचना

आयात व्यापार नियंत्रण

नई दिल्ली, 13 जून, 1975

विषय.—अप्रैल 1975—मार्च 1976 वर्ष के लिए आयात नीति ।

सं० 48–आई० टी० सी० (पी० एन०)/75.—अप्रैल, 1975—मार्च, 1976 वर्ष के लिए आयात व्यापार नियंत्रण नीति (रेडबुक बा०–1) के खंड-3 की ओर ध्यान आकृष्ट किया जाता है जो अन्य बातों के साथ-साथ यह संकेत करती है कि कोल्ड रोल्ड ग्रेन ओरिएन्टेड इलेक्ट्रिकल स्टील शीट्स और स्टील सेमी का आयात खनिज तथा धातु व्यापार निगम के माध्यम से सरणी-बद्ध है ।

2. स्थिति की पुनरीक्षा करने पर यह निश्चय किया गया है कि नीचे उल्लिखित मदों का आयात खनिज तथा धातु व्यापार निगम के बजाय सेल इन्टरनेशनल लि० के माध्यम से सरणीबद्ध किया जाएगा :—

(1) सभी प्रकार के नर्म इस्पात, मध्यम ऊंचाई के कार्बन इस्पात सेमी जिसमें धातु-पिंड, ब्लूम्स, शिला पट्टी, बिलेट और 160 एम एम से ऊपर के हेवी राउंड शामिल नहीं हैं ।

(2) कटी हुई लम्बाई में या गुच्छों में कोल्ड रोल्ड ग्रेन ओरिएन्टेड इलेक्ट्रिकल स्टील शीट्स स्ट्रिप्स ।

इसलिए, इसके बाद, लाइसेंस प्राधिकारी उपर्युक्त मदों के संबंध में रिहाई आदेश सेल इन्टरनेशनल लि०, इस्पात आयात प्रभाग, 13वीं मंजिल, हिन्दुस्तान टाइम्स बिल्डिंग, 18/20, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली के नाम में जारी करेंगे ।

3. खनिज धातु व्यापार निगम के नाम में जारी किए गए वे सभी रिहाई आदेश जो इस सार्वजनिक सूचना की तारीख से पहले पंजीकृत नहीं कराए गए हैं, वे सेवार्थ सेल इन्टरनेशनल को हस्तान्तरित किए गए समझे जाएं ।

4. तदनुसार, अप्रैल, 1975–मार्च, 1976 के लिए आयात व्यापार नियंत्रण नीति (रेड बुक बा०—1) के खंड—3 की पृष्ठ संख्या 87 पर की उपर्युक्त मदों के सामने की वर्तमान प्रविष्टि "खनिज तथा धातु व्यापार निगम" को संशोधित कर "सेल इन्टरनेशननल लि०" के रूप में पढ़ा जाए ।

बी० डी० कुमार,
मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात ।

PRINTED BY THE GENERAL MANAGER, GOVERNMENT OF INDIA PRESS, MINTO ROAD, NEW DELHI AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI, 1975